RAF SECTOR
NEWS CLIP
21/03/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Lok Mitra, Prayagraj, (UP)

आरएएफ ने सीआरपीएफ की 84 वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाया

लोकमित्र ब्यूरो

फाफामऊ। 101 आर ए एफ ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 84वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाया।इस शुभ अवसर पर श्री मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 आर ए एफ ने परंपरागत तरीके से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सीआरपीएफ के गौरवमई इतिहास के बारे में बताया 19 मार्च 1950 को ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को कलर ध्वज प्रदान किया गया था तथा महानिदेशालय द्वारा सन 2010 से आज के दिन यानी 19 मार्च को सीआरपीएफ दिवस घोषित किया गया।

अंत में कमांडेंट ने सभी अधिकारियों व जवानों को अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदारी व सजग रहने हेतु प्रेरित किया व आर ए एफ के सभी कार्मिकों व परिवार जनों को सीआरपीएफ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सीआरपीएफ दिवस के इस अवसर पर जवानों व अधिकारियों के बीच क्रिकेट मैच तथा दोपहर में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रेमजीत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी , नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी , विनोद कुमार उप कमांडेंट , बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट,प्रदीप कुमार पाठक उप कमांडेंट , टी एन सिंह उप कमांडेंट श्री प्रदीप कुमार उप कमांडेंट आदि अधिकारी गण व जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

Dainik bhaskar,Jamshedpur , (JKD)

रैफ कैंपस में सीआरपीएफ का 84 वां स्थापना दिवस मना

क्राइम रिपोर्टर | जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के 106 बटालियन परिसर में रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का 84वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 को नीमच (एमपी) में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। आजादी के बाद इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया गया। 106 बटालियन के कमांडेंट डॉ निशित कुमार ने सभी अधिकारियों की ओर से जवानों व उनके परिजनों को बधाई दी। कमांडेंट ने बल के महत्व, इतिहास और पूर्वजों के बलिदान के बारे में बताया। सुबह 10 बजे शहीदों के बलिदान व पराक्रम के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की गई।

Pragatibadi News, Balasore , (Odisha)

ପୋଲିସର ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚ

■ ବାଲେଶ୍ୱର ,ତା ୨୦। ୩ (ପିଏନଏସ)

ବାଲେଶ୍ୱର ସହରରେ ପୋଲିସର ଫ୍ଲାଗ ମାର୍ଚ୍ଚ କରାଯାଇଛି । ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚରେ ପୋଲିସ ସମେତ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ସାମିଲ ଥିଲା । ଶ୍ରୀରାମ ଚେତନା ଜାଗରଣ ମଞ୍ଚ ପକ୍ଷରୁ ଆଗକୁ ଶ୍ରୀରାମ ନବମୀ ଶୋଭାଯାତ୍ରାକୁ ଲକ୍ଷ୍ୟକରି ଏହି ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚ ହୋଇଛି । ରାମ ନବମୀ କିଭଳି ଶାନ୍ତି ଶୃଙ୍ଖଳା ସହ ପାଳିତ ହେବ ତାକୁ ନେଇ ପୋଲିସର ବ୍ୟାପକ ପ୍ରସ୍ତୁତି ହେବା ସହ ଏସପିଙ୍କ ନେତୃତ୍ୱରେ ଟାଉନ ଥାନା ପାଖରୁ ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚ ଆରମ୍ଭ ହୋଇ ସହର ପରିକ୍ରମା କରିଥିଲା । ରାମ ନବମୀ ପାଇଁ ଯେଉଁ ସବୁ ରାସ୍ତାରେ ଯିବ ସେହି ସବୁ ରୁଟରେ ଫ୍ଲାଗ ମାର୍ଚ୍ଚ ହୋଇଛି । ସହରରେ ଥିବା ସବୁ ସମ୍ବେଦନଶୀଳ ଅଞ୍ଚଳକୁ ପୁଲିସ୍ ନଜରରେ ରଖିଛି । ସେହିଭଳି ଆଗକୁ ୨୨ ତାରିଖରେ ପୁଣି ଜିଲ୍ଲାପାଳଙ୍କ ଉପସ୍ଥିତିରେ ଶ୍ରୀରାମ ନବମୀ କିଭଳି ଶୃଙ୍ଖଳାର ସହ ପାଳନ କରାଯିବ ସେନେଇ ଶାନ୍ତି କମିଟି ବୈଠକ ହେବ ବୋଲି ପୋଲିସ ପ୍ରକାଶ କରିଛି । ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚରେ ଏସପି ସାଗରିକା ନାଥ , ଟାଉନ ଥାନାଧିକାରୀ ପର୍ଶୁରାମ ସାହୁ , ଅତିରିକ୍ତ ଏସପି , ସଦର ଏସଡିପିଓ, ସିଟି ଡିଏସପି ସହ ବହୁ ପୋଲିସ ଅଧିକାରୀ ସାମିଲ ହୋଇଥିଲେ।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।